आज का दिन 1956 में भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।

नवंबर में चार्टर अधिसूचित हो सकता है, पेंशन-बीमा नियामक भी अपना चार्टर लाएंगे

निवेशकों की सुरक्षा के लिए आएंगे नए नियम

05 करोड़ अंशधारकों के खाते में जल्दी आएगा ब्याज

1.5 करोड़ श्रमिकों के महंगाई भत्ते की दर में संशोधन

97 हजार करोड़ से ज्यादा रकम जुटाएंगे आईपीओ

तैयारी

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

देशभर के छोटे निवेशको के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अगले महीने नए नियम लागू हो सकते हैं। इस घटनाक्रम से जुड़े लोगों के अनुसार, पूंजी बाजार नियामक सेबी नवंबर के पहले हफ्ते में निवेशक चार्टर को अधिसूचित कर सकता है। बाकी रेगुलेटर जैसे इरडा (बीमा), पीएफआरडीए (पेंशन) अगले साल तक अपने चार्टर पेश करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, निवेशक चार्टर में निवेशकों के लिए सेबी का मिशन और विजन होगा। इसमें निवेशकों के अधिकार और जिम्मेदारियां भी शामिल होंगी। हालांकि, चार्टर कानूनी रूप से बाध्य नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि बजट में वित्त मंत्री ने म्यूचुअल फंड और बीमा सहित सभी वित्तीय उत्पादों पर एक निवेशक चार्टर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। इसमें उनके अधिकार, विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं, सेवाओं से संबंधित समय सीमा और निवेशक शिकायत निवारण तंत्र शामिल हैं।

सख्तीः सेबी ने कड़े किए निवेश के नियम

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों के कर्मचारियों और ट्रस्टियों के निवेश और ट्रेडिंग के लिए नया नियम पेश किया। यह नियम कर्मचारियों को उनके पद के दुरुपयोग करने से प्रतिबंधित करेगा। इन नए नियमों के अनुसार, एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के कर्मचारी, बोर्ड मेंबर्स और ट्रस्टीज मेंबर्स, एक्सेस पर्सन किसी भी कंपनी के बारे में किसी संवेदनशीन जानकारी का अनुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। एक्सेस पर्सन में एएमसी हेड (सीईओ/मैनेजिंग डायरेक्टर/प्रेसीडेंट), एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स, चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर आदि शामिल होते हैं।

मौका : 30 हजार करोड़ के आईपीओ आएंगे

आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में निवेश करने वालों के लिए यह साल बेहतरीन रहा है। एक ओर जहां कई आईपीओ ने निवेशकों को शानदार कमाई का मौका दिया है, वहीं दूसरी ओर कंपनियों ने रिकॉर्ड पूंजी बाजार से जुटाई है। प्राइमरी मार्केट ट्रैकर प्राइम डेटाबेस के आंकड़ों के मुताबिक, 41 कंपनियों ने 2021 के पहले नौ महीनों में शुरुआती शेयर बिक्री के जरिए 66,973 करोड़ जुटाए हैं। वहीं, अगले कुछ दिनों में पेटीएम, नायका और पॉलिसीबाजार के नेतृत्व में पांच आईपीओ प्राथमिक बाजार के माध्यम से 30,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में है।

राहत : गोल्ड स्कीम को परिजन भुना सकेंगे

भारतीय रिजर्व बैंक ने मूल जमाकर्ता की मृत्यु के मामले में लॉक-इन पीरियड से पहले गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम के तहत जमा की समय पूर्व निकासी की अनुमति दी है। इस स्कीम में प्रीमैच्योर विड्रॉल की अनुमति थी, लेकिन 3 और 5 साल की लॉक-इन पीरियड से पहले के लिए नहीं था।

तोहफा : वित्त पीएफ पर 8.5% ब्याज को दी मंजूरी

सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ईपीएफ पर 8.5 प्रतिशत ब्याज को मंजूरी दी है। ईपीएफओ के पांच करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए दिवाली से ठीक पहले यह एक अच्छी खबर है। केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने इस साल मार्च में पिछले वित्त वर्ष के लिए जमा पर 8.5 प्रतिशत ब्याज दर तय की थी।

अच्छी खबर : न्यूनतम मेहनताना बढ़ाया

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने केंद्रीय क्षेत्र के 1.5 करोड़ श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते की दर में संशोधन किया है। वृद्धि एक अक्तूबर से प्रभावी होगी, जिसके परिणामस्वरूप केंद्रीय क्षेत्र के कर्मचारियों और श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में इजाफा होगा। मंत्रालय ने कहा, ऐसे समय में जब देश कोविड से जूझ रहा है, विभिन्न अनुसूचित रोजगारों में लगे विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों को राहत देते हुए, परिवर्तनीय महंगाई भत्ता की दर को अधिसूचित और संशोधित किया है।

आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली | एजेंसी

प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन के चलते सितंबर में आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ गया।

सितंबर 2020 में आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। ये आठ क्षेत्र कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली हैं। इस साल अगस्त में इन प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर 11.5 प्रतिशत थी। औद्योगिक सूचकांक में इन आठ प्रमुख उद्योगों का भारांश 40.27 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2021 में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट का उत्पादन क्रमशः 27.5 प्रतिशत, छह प्रतिशत और 10.8 प्रतिशत बढ़ा।

श्रमिकों की खुदरा महंगाई घटकर 4.41 प्रतिशत पर

नई दिल्ली | एजेंसी

औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई मुख्य रूप से कुछ खाद्य पदार्थों की कम कीमतों के कारण सितंबर में घटकर 4.41 प्रतिशत हो गई।

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सितंबर में सालाना आधार पर मुद्रास्फीति पिछले महीने (अगस्त 2021) के 4.79 प्रतिशत और एक साल पहले इसी महीने के दौरान 5.62 प्रतिशत की तुलना में 4.41 प्रतिशत रही। खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 4.83 प्रतिशत और एक साल पहले इसी महीने के दौरान 7.51 प्रतिशत के मुकाबले 2.26 प्रतिशत थी। सितंबर 2021 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक अगस्त 2021 की तुलना में 0.3 अंक की वृद्धि के साथ 123.3 अंक पर रहा।

राजकोषीय घाटा लक्ष्य का 35% रहा

नई दिल्ली। लेखा महानियंत्रक के मुताबिक केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा सितंबर 2021 के अंत में 5.26 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 35 प्रतिशत रहा।

बिजनेस आपतक

भारत में एप्पल का कारोबार दोगुना हुआ

नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एप्पल ने वित्त वर्ष 2021 में अपने राजस्व का लगभग एक तिहाई उभरते बाजारों से कमाया और भारत एवं वियतनाम में उसका कारोबार दोगुना हो गया। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने यह जानकारी दी। अमेरिकी कंपनी ने 25 सितंबर, 2021 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 83.4 अरब डॉलर का राजस्व कमाया।

सुविधा शुल्क साझा करने का फैसला वापस

नई दिल्ली। निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव ने शुक्रवार को कहा कि रेल मंत्रालय ने ट्रेन टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग के मामले में आईआरसीटीसी द्वारा अर्जित सुविधा शुल्क साझा करने के फैसले को वापस लेने का फैसला किया है।

सोना 271 रुपये नीचे चांदी भी 687 रुपये टूटी

नई दिल्ली। बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच सर्राफा बाजार में सोना 271 रुपये की गिरावट के साथ 46,887 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इससे चांदी की कीमत भी 687 रुपये की गिरावट के साथ 63,210 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

रॉकिंग डील्स देशभर में खोलेगी रीफर्बिश्ड स्टोर

नई दिल्ली। ओपन बॉक्स ब्रांड रॉकिंग डील्स देशभर में अपने रीफर्बिश्ड स्टोर खोलेगी। कंपनी के संस्थापक और सीईओ, युवराज अमन सिंह ने बताया कि रीफर्बिश्ड इलेक्ट्रॉनिक सामान की मांग तेजी से बढ़ रही है। कंपनी फ्रेंचाइजी मॉडल पर देशभर में अपना स्टोर खोलेगी। हाल ही में कंपनी ने लखनऊ और पटना में स्टोर खोले हैं। साथ ही देश के छोटे शहरों में भी स्टोर खोलने की योजना है। कंपनी का कहना है कि ब्रांडेड सामान सस्ते दाम पर उपलब्ध होने से लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है।

जियोफोन नेक्स्ट की बिक्री दिवाली से होगी

नई दिल्ली | एजेंसी

रिलायंस जियो और गूगल द्वारा संयुक्त रूप से विकसित स्मार्टफोन जियो नेक्स्ट दिवाली के दिन से बाजार में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 6499 रुपये रखी गई है लेकिन जियो के 24 या 18 महीने के प्लान के साथ इसकी डाउनपेमेंट कीमत 1999 रुपये होगी। इसके लिए 501 रुपये का प्रोसेसिंग शुल्क भी चुकाना होगा।

कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि 5.45 इंच के स्क्रीन वाले इस स्मार्टफोन में 13 एमपी का रियर और आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसमें कार्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 के साथ एंटीफिंगर प्रिंट कोटिंग दिया गया है। इसमें क्वॉलकॉम स्नैपड्रैगन क्यूएम 215 क्वाड कोर 1.3 गीगाहर्ट्ज प्रोसेसर है। इसका रैम दो जीबी और इंटरनल मेमोरी 32 जीबी है जिसे 512 जीबी तक बढ़ाई जा सकती है। दो सिम वाले इस स्मार्टफोन में 3500 एमएएच की बैटरी है।

वाई फाई के साथ ही ब्लूटूथ, माइक्रोयूएसबी और ऑडियो जैक भी दिया गया है। इसमें एसीलोमीटर, लाइट और प्रोक्सिमिटी सेंसर भी है। कंपनी ने कहा कि यह स्मार्टफोन 10 भाषाओं को सपोर्ट करता है।

ऐलान

- 6,499 रुपये में उपलब्ध होगा बिना किस्त वाले ग्राहकों के लिए
- 1999 देकर शेष राशि 18 से 24 माह में चुकाने की सुविधा भी

फ्यूचर रिटेल की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फ्यूचर समूह की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मध्यस्थता न्यायाधिकरण के आदेश पर रोक की मांग की गई थी। अदालत ने फ्यूचर को रिलायंस रिटेल के साथ सौदे पर आगे बढ़ने से रोकने वाले फैसले में हस्तक्षेप से इनकार किया।

इस माह में पेट्रोल सात रुपये महंगा

नई दिल्ली। शुक्रवार को कच्चे तेल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार तीसरे दिन उबाल जारी रहा। इस महीने में पेट्रोल 7.00 रुपये और डीजल 7.60 रुपये महंगा हो चुका है। इस महीने में अब तक 29 दिनों में से 22 दिन इन दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है।

एचटी मीडिया को 29.91 करोड़ रुपये का लाभ

नई दिल्ली। एचटी मीडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 29.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 40.15 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 369.82 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में 260.74 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कुल खर्च जुलाई-सितंबर, 2021 तिमाही में 406.09 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान अवधि में यह 367.78 करोड़ था।

सेंसेक्स ने लगाया 678 अंक का गोता

मुंबई। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 678 अंक का गोता लगा गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में गिरावट से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 677.77 अंक की गिरावट के साथ 59,306.93 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 185.60 अंक लुढ़क कर 17,671.65 अंक पर बंद हुआ। टेक महिंद्रा तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों की गिरावट से निवेशकों को 6.15 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है।

सीएसआईआर-केंद्रीय विद्युतरसायन अनुसंधान संस्थान
CSIR-CENTRAL ELECTROCHEMICAL RESEARCH INSTITUTE
कारैकुडी/KARAIKUDI – 630 003

विज्ञापन में परिशिष्ट सं.02/2021

इस कार्यालय के विज्ञापन सं. 02/2021 दि. २८.०८.२०२१ को समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं सीएसआईआर सेवा नियम 1994 में तकनीकी स्टाफ और तकनीशियन के भर्ती नियमों के आवश्यक योग्यता में संशोधन जारी करने के बाद संशोधित योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों जो अन्यथा पात्र हैं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विज्ञापन के लिए पहले ही जो आवेदन कर चुके, उन्हें दुबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। संशोधन को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि ३०.११.२०२१ को अपराह्न ०५.०० बजे तक और आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करने की अंतिम तिथि १५/१२/२०२१ अपराह्न ५.०० बजे तक बढ़ा दी गई है।

विस्तृत अधिसूचना के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.cecri.res.in देखें और होम पृष्ठ से 'अवसरों' पर क्लिक करें।

प्रशासन नियंत्रक

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

भर्ती सूचना

भा.रा.रा.प्रा. यू.पी.एस.सी. इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 2020 सिविल इंजीनियरिंग में साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों से निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

पद का नाम	पदों की संख्या	सीडीए पैटर्न में वेतनमान
उप प्रबंधक (तकनीकी)	73*	7वीं सीपीसी के पे मैट्रिक्स के लेवल 10 में केन्द्रीय डीए सहित [पूर्व संशोधित: वेतन बैंड-3 (रु 15,600 39,100/ । ग्रेड पे रु 5400/)]

*पदों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
2. अधिक जानकारी के लिए भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट https://nhai.gov.in देखें।
3. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/रद्दीकरण, यदि कोई होगा, तो उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 30.11.2021 (सांय 6.00 बजे तक)

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

MUNJAL SHOWA

मुंजाल शोवा लिमिटेड
सीआईएनः L34101HR1985PLC020934
पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्सः प्लॉट न. 9-11, मारुति इंडस्ट्रियल एरिया, सैक्टर-18, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा)
फोनः +91-124-4783000; फैक्सः +91-124-2341359
ई-मेलः pgupta@munjalshowa.net; वेबसाइटः www.munjalshowa.net

30 सितम्बर, 2021 को समाप्त दूसरी तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण

(₹ लाखों में, प्रति अंश डाटा के अतिरिक्त)

क. सं.	विवरण	30 सितम्बर 2021 को समाप्त तीन माह	30 सितम्बर 2021 को वर्ष से तिथि तक	30 सितम्बर 2020 को समाप्त तीन माह
		(अनअंकेक्षित)	(अनअंकेक्षित)	(अनअंकेक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय	30,114.11	49,772.43	33,016.17
2	कर एवं विशिष्ट मदों के पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ	779.65	499.43	1,361.93
3	कर पूर्व एवं विशिष्ट मद पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ	779.65	499.43	1,361.93
4	कर पश्चात एवं विशिष्ट मद पश्चात अवधि हेतु शुद्ध लाभ	636.91	414.26	1,070.58
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर पश्चात)	636.91	414.26	1,070.58
6	समता अंश पूँजी	799.93	799.93	799.93
7	31 मार्च, 2021 को पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	63,339.56		
8	प्रति अंश आय (₹ 2 प्रत्येक) (असाधारण मद/मदों के पश्चात्)			
	– मूलभूत (रुपये में)	1.60	1.04	2.68
	डाइल्यूटेड (रुपये में)	1.60	1.04	2.68

टिप्पणी:
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए त्रैमासिक वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजो की वेबसाइटः www.nseindia.com एवं www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.munjalshowa.net पर उपलब्ध हैं।

कृते एवं मंडल की ओर से
हस्ता./–
(योगेश चन्दर मुंजाल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00003491

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 29 अक्टूबर, 2021

HT Media Limited
CIN:- L22121DL2002PLC117874
Registered Office: Hindustan Times House, 2nd Floor, 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110001, India
Tel : +91 11 66561608 Fax :+91 11 66561445
Email:- corporatedept@hindustantimes.com Website:- www.htmedia.in

Statement of Un-audited Consolidated Financial Results for the quarter and six months ended September 30, 2021

(INR in Lakhs except earnings per share data and ratios)

Particulars	Quarter ended			Six Months ended		Year ended
	September 30, 2021 Un-audited	June 30, 2021 Un-audited	September 30, 2020 Un-audited	September 30, 2021 Un-audited	September 30, 2020 Un-audited	March 31, 2021 Audited
Revenue from operations	36,982	24,353	26,074	61,335	42,748	111,729
Net profit/ (loss) for the period (before tax and/or exceptional items)	3,422	(9,039)	(6,537)	(5,617)	(14,037)	(10,319)
Net profit/ (loss) for the period before tax (after exceptional items)	3,422	(9,039)	(6,537)	(5,617)	(14,037)	(10,636)
Net profit/ (loss) for the period after tax, non-controlling interest and share in loss of joint venture (after exceptional items)	2,323	(6,704)	(3,860)	(4,381)	(8,999)	(7,084)
Total comprehensive income/ (loss) for the period [comprising profit/ (loss) for the period after tax, non-controlling interest and share in loss of joint venture and other comprehensive income (after tax)]	2,358	(6,630)	(3,464)	(4,272)	(8,696)	(6,661)
Paid-up equity share capital ** (Face Value - INR 2/- per share)	4,655	4,655	4,655	4,655	4,655	4,655
Other equity excluding revaluation reserves as per the audited balance sheet						2,04,318
Securities Premium Account	49,357	*	49,357	49,357	49,357	49,357
Net Worth (as per the Companies Act, 2013)	2,01,354	*	2,03,812	2,01,354	2,03,812	1,98,060
Outstanding Debt ***	83,640	*	48,170	83,640	48,170	73,381
Debt Equity Ratio (in times)	0.34	*	0.26	0.34	0.26	0.29
Capital Redemption Reserve	2,045	*	2,045	2,045	2,045	2,045
Debt Service Coverage Ratio (in times)	0.06	*	(0.09)	(0.04)	(0.20)	(0.07)
Interest Service Coverage Ratio (in times)	3.51	(6.00)	(3.36)	(1.12)	(3.51)	(0.85)
Earnings/ (Loss) per share (of INR 2/- each)	Not annualised	Not annualised	Not annualised	Not annualised	Not annualised	
Basic	1.01	(2.91)	(1.67)	(1.90)	(3.90)	(3.07)
Diluted	1.00	(2.91)	(1.67)	(1.90)	(3.90)	(3.07)

* Balance Sheet as on June 30, 2020/June 30, 2021 is not available as part of June, 2020/June, 2021 SEBI results, respectively
** Includes Equity Shares of INR 44 Lakhs held by HT Media Employee Welfare Trust
*** Outstanding Debt comprises of current borrowings (including current maturities of long term borrowings) and non-current borrowings

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and Regulation 52, to the extent applicable, of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website viz. www.htmedia.in.
2. For the other line items referred in regulation 52 (4) of the LODR Regulations, pertinent disclosures have been made to the Stock Exchanges (BSE and NSE) and can be accessed on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com).
3. The above consolidated financial results for the quarter and six months ended September 30, 2021 were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on October 29, 2021. The Statutory Auditors have conducted a "Limited Review" of the above results pursuant to Regulation 33 and Regulation 52, to the extent applicable, of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended and have issued an unmodified review opinion.
4. The consolidated financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind AS') prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, as amended from time to time.
5. Additional information on standalone financial results is as follows :- *(INR in Lakhs)*

Particulars	Quarter ended			Six Months ended		Year ended
	September 30, 2021 Un-audited	June 30, 2021 Un-audited	September 30, 2020 Un-audited	September 30, 2021 Un-audited	September 30, 2020 Un-audited	March 31, 2021 Audited
Revenue from Operations	19,041	11,405	11,931	30,446	19,214	52,810
Profit/ (Loss) before Tax	1,040	(5,438)	(7,221)	(4,398)	(14,386)	(13,544)
Profit/ (Loss) after Tax	615	(3,880)	(4,815)	(3,265)	(9,592)	(8,135)
Total Comprehensive Income/ (Loss)	619	(3,815)	(4,561)	(3,196)	(9,381)	(7,822)

6. Previous period's figures have been re-grouped/re-classified wherever necessary, to correspond with those of the current period's classification.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: October 29, 2021

Shobhana Bhartia
Chairperson & Editorial Director

YEIDA
FUTURE IS HERE
YEIDA: WITH HUMAN FACE

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1, (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. : 18001808296 वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई०ई०ए०/भूलेख/914/2021
दिनांक 29.10.2021

सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है :

तिरथली की सैक्टर-29 प्राधिकरण की 30 मीटर चौड़ी सड़क, ग्राम वीरमगपुर व कुरैब चंक-02, ग्राम चकवीरमपुर चंक 01 व 02 तथा ग्राम करौली बांगर सैक्टर 29 प्राधिकरण की 30 मीटर रोड

क्रम संख्या	सैक्टर / चंक / रोड	ग्राम का नाम	काश्तकार का नाम व पता	खाता संख्या	खसरा संख्या	कुल रकबा	काश्तकार का भाग	तहसील रिपोर्ट के अनुसार काश्तकार का हिस्सा
1	सैक्टर 32 चंक 01/02	चकवीरमपुर	राकेश सिंह व अशोक पुत्रगण जयवीर सिंह नि० ग्राम वीरमपुर।	71 106 107	292 K/1 298 302M/1 299 300 301/1 304 305 307 318 319 314K 315K 316 317K	0.0190 0.8350 0.1010 0.4300 0.1260 0.0790 0.2530 0.3290 0.0760 0.0890 0.1140 0.6570 0.0410 0.5310 0.2520	1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16 1/16	0.0012 0.0522 0.0063 0.0269 0.0079 0.0049 0.0158 0.0205 0.0048 0.0056 0.0071 0.0411 0.0026 0.0332 0.0157 **0.2458**
2	सैक्टर 32 चंक 01/ 02	चकवीरमपुर	उर्मिला देवी पत्नी राजपाल नि० ग्राम वीरमपुर।	71	292k/1 302M/1	0.0190 0.1010	में से में से	0.0048 0.0253
3	सैक्टर 32 चंक 01	चकवीरमपुर	देवेन्द्र सिंह पुत्र रामचरन नि० ग्राम चकवीरमपुर।	68	267	0.4170	में से	0.0414
4	सैक्टर 32 चंक 01/ 02	चकवीरमपुर	कासिम अली पुत्र मलखॉं नि० नगला हाण्डा, मजरा करौली बांगर।	103	332 353	1.4290 1.7640	1/4 1/4	0.3572 0.4410
5	सैक्टर 29 30 मीटर रोड	करौली बांगर	नवीन कुमार पुत्र औंकार व मिनाक्षी पत्नी औंकार सिंह नि० ग्राम नगला हुक्म सिंह, मजरा करौली बांगर।	498	340	0.6180	25/72	0.2145
6	सैक्टर 32 चंक 02	वीरमपुर	हुस्न पत्नी स्व० जान मौहम्मद व अशलुप, आबिद, जाविद व जाहिद पुत्रगण स्व० जान मोहम्मद नि० ग्राम नगला हाण्डा कुरैब।	142 143	364 365	0.8850 0.0510	1/4 1/4	0.2212 0.0127
7	सैक्टर 29 24 मीटर रोड	तिरथली	कमरूद्दीन पुत्र श्री दलशेर नि० ग्राम नगला हाण्डा, मजरा कुरैब।	47	643	0.3980	में से	0.2654
8	सैक्टर 32 चंक 02	कुरैब	अल्लाराजी पुत्र जहूर खॉं नि० नगला हाण्डा, मजरा कुरैब।	39	80	2.9300	में से	2.6770

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

विशेष कार्याधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण